## सार-समाचार

### दिशा क्रिकेट क्लब ने जीती प्रतियोगिता

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा आयोजित वर्धमान हॉस्पिटल सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-10 का फाइनल मुकाबला रविवार को दिशा क्रिकेट क्लब ने जीत लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान पर खेले गए इस रोमांचक मैच में दिशा क्रिकेट क्लब ने स्कूल शिक्षा परिवार को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच से पहले विधायक रामकेश मीणा ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने टॉस करवाया, जिसमें दिशा क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिशा के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही कसी हुई गेंदबाजी करते हुए स्कूल शिक्षा परिवार पर दबाव बनाया। टीम ने महज 18 रनों पर 4 विकेट झटक लिए। स्कूल शिक्षा परिवार की ओर से कादिर खान ने 33 रन और एंथोनी मार्टिन ने 16 रन का योगदान दिया। दिशा की सटीक गेंदबाजी के सामने अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 103 रन पर सिमट गई। दिशा क्रिकेट क्लब के रविंद्र शर्मा ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए, जबकि टीम ने गेंदबाजी में केवल 3 अतिरिक्त रन दिए। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिशा क्रिकेट क्लब की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। साजिद खान ने नाबाद 58 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं शैलेंद्र पाराशर ने 27 रनों का अहम योगदान दिया। दिशा क्रिकेट क्लब ने मात्र 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। मैच में नरेंद्र शर्मा को कैच ऑफ द मैच, रविंद्र शर्मा को बॉलर ऑफ द मैच, बबलू मीणा को सिक्स ऑफ द मैच और शैलेंद्र पाराशर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर वर्धमान हॉस्पिटल सद्भावना क्रिकेट लीग के चेयरमैन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, कार्यक्रम संयोजक गोविंद पाराशर, कुलदीप जैमिनी, लक्ष्मीकांत मीणा, मुकेश देहात, अब्दुल वहाब, कैलाश मीणा, महेंद्र मीणा (व्याख्याता), महेंद्र जैन, विष्णु गुप्ता, राजेश शर्मा, नीटू सिंह धाबाई, धर्मेंद्र मित्तल, घनश्याम गुप्ता, महेंद्र नापित और श्यामसुंदर शर्मा सेवा सहित आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्रिकेटप्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

### बाबूलाल बने विवाह सम्मेलन अध्यक्ष

**करौली**, (निसं)। नववर्ष के अवसर पर प्रगतिशील प्रजापति संस्थान की बैठक रविवार 4 जनवरी को ढिंढोरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धनीराम प्रजापति ने की। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में नववर्ष की शुभकामनाएं, परिचय सम्मेलन, छात्रावास निर्माण, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के बाद सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से बाबूलाल अध्यापक, निवासी बमनपुरा, को आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही गिरराज प्रसाद (शेखपुरा), पृथ्वीलाल पटेल (यूरोठ), मदनलाल (जाट खेड़िया), हेमराज (यूरोठ) तथा रामगोपाल प्रजापति (हिण्डौन) को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन पीपल पूर्णिमा (अबूझ सावा) के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। आगामी बैठक 18 जनवरी 2026 को यादे माता जयंती के आयोजन के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में धनीराम प्रजापति ढिंढोरा, राकेश कुमार प्रजापति, गिरिराज प्रजापति शेखपुरा, बाबूलाल प्रजापति बमनपुरा, रमेशचंद प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति सुरोठ, रामसिंह प्रजापति (छात्रावास अध्यक्ष), रामसिंह सूरत, हेमराज सूरत, महेंद्र सिंह जाट खेड़िया, अमृतलाल प्रजापति मटिया महल, बच्चू सिंह प्रजापति मटिया महल, रूपचंद प्रजापति मटिया महल, पप्पूलाल प्रजापति सुरोठ, सुरेश प्रजापति, अमर सिंह प्रजापति ढिंढोरा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### सेल्फी पॉइंट से ''लव'' अक्षर चोरी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। ''आई लव गंगापुर सिटी'' सेल्फी पॉइंट से ''लव'' अक्षर चोरी हो गया। यह घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे नहर रोड पर कुशालगढ़ के बाबा श्याम मंदिर के बाहर और वाचनालय के सामने स्थित सेल्फी पॉइंट पर हुई। मानव सेवा संस्थान द्वारा स्थापित इस पॉइंट से ''लव'' अक्षर गायब होने के बाद शहर में चर्चा का विषय बन गया है। इस सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण मानव सेवा संस्थान की पहल पर पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल ने करते हुए इसे शहर के प्रति प्रेम और अपनत्व का प्रतीक बताया था। उन्होंने इसे संस्थान की दूरदर्शिता और सामाजिक चेतना का उदाहरण भी कहा था। शनिवार सुबह घटना का पता चलने के बाद यह खबर पूरे शहर में तेजी से फैल गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शगंगापुर सिटी का दिल चोरी हो गयाश जैसे संदेश दिनभर वायरल होते रहे। इस घटना को लेकर फिल्मी गीत शदिल चोरी हो गया...भी खूब साझा किया गया। वहीं शहर में बढती गुण्डागिर्दी एंव चोरी की घटनाओ से आमजन में भी भारी रोष प्रशासन के खिलाफ पनप रहा है। घटना की जानकारी के लिए सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा हैं जिसमें एक जगह पर दो युवक दिल की आकृति को उखाडकर नहर फैकते हुए दिख रहे हैं।

### अभिनन्दन समारोह का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। जन संकल्प मंच भरतपुर की ओर से आज नीम दरवाजा स्थित होटल हैवन सिटी परिसर में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजयपाल दारापुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा थे एवं अध्यक्षता जसवंत दारापुरिया ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. दीपक सिंह, रिटा. एएसपी परमाल सिंह, प्रधान राजू रसीलपुर, रमेश धावई, योगेश सिंघल, जगदीश बंजी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नव मनोनीत कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग चौम्पियनशिप-2025 में भारत को 3 गोल्ड मैडल दिलाने वाले डॉ. दीपक सिंह का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सामाजिक मंच समाज को एकजुट करने और जनहित के कार्यों को आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जन संकल्प मंच द्वारा किये जा रहे सामाजिक एवं जन सेवा के कार्यों की सराहना की।

# गंगापुर सिटी में सर्द हवाओं से गलन व ठिठुरन बढ़ी

■ घना कोहरा छाया, गाड़ियों की दिन में जलानी पड़ी लाइट

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। इस सर्दी के मौसम में पहली बार कोहरे के साथ हल्की फुहार दर्ज की गई। जिससे शहर में कड़ाके की ठंड का असर बढ़ गया। न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शनिवार शाम ढलने के बाद मौसम में बदलाव आया। रात करीब 12 बजे शहर के कई हिस्सों में घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) में भारी गिरावट आई। रविवार सुबह कुछ इलाकों में दृश्यता लगभग शून्य तक पहुंच गई। इस कारण यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। मावठ के बाद लगातार चल रही सर्द हवाओं ने गलन और ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। रविवार सुबह लोग देर तक घरों में दुबके रहे। सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई, वहीं बाजार भी रोजाना की तुलना में देरी से खुले। ठंड से राहत पाने के लिए लोग चाय की दुकानों पर गर्म पेय का सहारा लेते दिखे, जबकि गली-मोहल्लों में लोग झुंड में अलाव तापते नजर आए। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस था। मावठ के बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट आई और यह 7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि अधिकतम तापमान 18 डिग्री पर बना रहा। शनिवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान एक डिग्री गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सर्द हवाओं के चलते खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीण इलाकों में भी सर्दी का असर ज्यादा रहा, जिससे किसान सुबह देर से खेतों की ओर रवाना हुए। हालांकि, कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मावठ किसानों के लिए फायदेमंद साबित हुई है। इससे खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे गेहूं, चना सहित रबी फसलों को लाभ मिलेगा। इससे सिंचाई की जरूरत भी कम होगी और उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है।

### हजारों लोगों ने पाई पंगत पर प्रसादी पाई

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने इंदरगढ़ माता के दरबार में शनिवार शाम माता रानी को पौष बड़े पुए पकवानों का भोग लगाया गया। भक्त देवी चरण गर्ग ने बताया कि रात्रि 7 बजे माता रानी का श्रृंगार व पूजा अर्चना कर आरती पश्चात भोग लगाकर कन्याओं को भोजन कराने के साथ सैकड़ो भक्तों ने पंगत पर प्रसादी ग्रहण की। दरबार में भजनों के माध्यम से माता को रिझाया गया। इस मौके पर वेद प्रकाश मंगल, अनुराग गर्ग, कैलाश चंद, सुनील गर्ग, आकाश, अशोक, जगदीश, अमित, हैप्पी, राहुल अग्रवाल, निक्की गुप्ता, योगेश गर्ग आदि सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुऔ ने भाग लिया।

## शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

**रूपवास**, (निसं)। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित स्वतंत्रता सेनानी रामचरन लाल गोयल राउमावि के खेल मैदान पर खेलकूद संस्थान के बैनर तले चली 49 वीं शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

मुख्य अतिथि आढ़त संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह अंधाना व विक्रम सिंह चेंकोरा थे। अध्यक्षता पूर्व क्रिकेटर व शिक्षाविद हेमेंद्र वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि बार के पूर्व अध्यक्ष धीरज शुक्ला, जयप्रकाश पाराशर, जिपस वीरविक्रम सिंह परमार, नवनीत डागुर, अठावाल समाज के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, राकेश भातरा, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर, रंजीत रघुवंशी थे। संयोजक प्रेमप्रकाश पाराशर ने बताया कि जाजोली की टीम के कप्तान असलम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन पूरी टीम 15 ओवर में केवल 57 रन बनाकर आल आउट हो गई। जिसमे बल्लेबाज कुशवीर ने 14 रन व गेंदबाज प्रदीप शुक्ला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। इसके जबाब में रूपवास की टीम ने 7 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। इसमें प्रदीप शुक्ला ने 20 व दीपांशु कौशल ने 18 रन बनाये। फायनल मैच का मेन ऑफ द मैच प्रदीप शुक्ला को दिया गया। आयोजन कमेटी के सदस्य प्रेमप्रकाश पाराशर, सौनू उपाध्याय, शुभम शर्मा, अजीत अंधाना, विनोद कुमार ने अतिथियों, विजेता, उपविजेता टीमो के खिलाड़ी व पूर्व क्रिकेटरों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम के कप्तान सोनू को 31 हजार रुपये व कप तथा उपविजेता टीम के कप्तान असलम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के अंपायर राजेश पाराशर व वीरविक्रम सिंह, स्कोरर गुड्डु शर्मा, मोज्जी कौशल थे। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज शीलू जाजोली, गेंदबाज शुभम शर्मा, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राजेश कोली, क्षेत्ररक्षक नहनु व मेन ऑफ द सीरीज़ प्रदीप शुक्ला रहे।

## रोवर रेंजर दल जंबूरी के लिए हुआ रवाना

**करौली**, (निसं)। भारत स्काउट व गाइड संगठन के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वर्ष पर्यंत अनेको कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी श्रृंखला में रोवर रेंजर की प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में 9 से 13 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के दुधली जिला बालोद में आयोजित होगी। जिसके लिए करौली जिले से आठ रोवर एवं आठ रेंजर का दल रेंजर लीडर शालिनी गुप्ता एवं रोवर लीडर धर्मराज गुर्जर के नेतृत्व में रवाना हुआ।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की भारत स्काउट गाइड संगठन के स्थापना 1950 में हुई थी संगठन के स्थापना के डायमंड जुबली वर्ष में आने को कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डायमंड जुबली जंबूरी त्रिचि के साथ शुभारंभ हुआ नेशनल जंबूरी का आयोजन लखनऊ में किया गया अब समापन पर प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा दूधली जिला बालोद जो कि राजनंदगांव रेलवे स्टेशन के पास स्थित है में करवाया जा रहा है सी ओ स्काउट करौली के अनुसार 16 से 25 आयु वर्ग के युवाओं में अनुशासन सेवा नेतृत्व क्षमता सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करने के उद्देश्य रोवर रेंजर गतिविधि का संचालन किया जाता है जो की कॉलेज एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए होती है अभी तक आयोजित जंबूरी स्काउट गाइड के लिए आयोजित हुई है जो 19 आयोजित हो चुकी है भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा प्रथम बार सीनियर वर्ग के स्काउट गाइड जिन्हें रोवर रेंजर रेंजर कहा जाता है के लिए जंबूरी का प्रथम बार आयोजन किया जा रहा है जंबूरी का तैयारी शिविर 3 से 6 जनवरी तक आलनपुर स्थित स्काउट गाइड मंडल प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें भाग लेने के लिए रोवर रेंजर का दल रवाना हुआ सी स्काउट करौली के अनुसार रेंजर के दल को रेलवे स्टेशन हिंडौन पर राजकीय महाविद्यालय हिंडौन के प्राचार्य डॉक्टर पप्पू राम कोली ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया इस अवसर पर डॉ पप्पू राम कोली ने रेंजर से कहा की राष्ट्रीय जंबूरी में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर प्रतियोगिताओं में सहभागिता करें एवं राजस्थान की परंपरा के अनुसार प्रथम स्थान पर आने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा की रोवर रेंजर सेवा का नाम है और जंबूरी में अनुशासन के साथ सभी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी मैं सहभागिता करने हेतु राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी की रेंजर वंशिका बंसल, स्नेहा गर्ग,सलोनी सेन, संजना, सोनम बानो ,सकीना बानो, नेहा सैनी सात सदस्य दल आज राष्ट्रीय जंबूरी के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ रीतेश जैन भी उपस्थित रहे।

### अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने अभियान चलाया हुआ है। हलैना थाना पुलिस ने अवैध खनन के पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की हैं। साथ ही दोनों ड्राइवरों को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली थाने के सामने से ही पकड़ी हैं। दोनों ड्राइवरों से पूछताछ की जा रही है।

इस अवसर पर हलैना थाना अधिकारी ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि अवैध खनन के पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली थाने के सामने वाली हैं। जिसके बाद टीम ने थाने के सामने नाकाबंदी शुरू कर दी।

नाकाबंदी के दौरान दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली थाने के सामने पहुंची। दोनों को रुकवाया गया। ड्राइवरों से पूछताछ की गई तो, यह पता लगा कि वह अवैध खनन कर पत्थर लेकर जा रहे थे। जिसके बाद दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया गया।

### मोहन महावर जिलाध्यक्ष बने

**भरतपुर**, (निसं)। कोली समाज जागृति संस्थान भरतपुर की साधारण सभा आज दिनांक 4. 1.2026 को बाबा मैरिज होम में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि हरि सिंह शाक्य व विशिष्ट अतिथि बाबूलाल सिकंदरा एवं श्यामलाल अध्यापक रहे बैठक की अध्यक्षता राजेश चितौकारी सरपंच ने की ! बैठक का आयोजन संस्थान की जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल 2 वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का चुनाव कराने हेतु किया गया ! चुनाव के दौरान संस्थान के वर्तमान महासचिव रमेश महावर नदबई द्वारा मोहन महावर का जिला अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव रखा गया जिस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना समर्थन देकर सर्व सम्मिति से मोहन महावर को संस्था का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## चतुर्वेद शतकम यज्ञ व वैदिक कृष्ण कथा का समापन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भगवती मैरिज गार्डन में आर्य समाज भगवती नगर द्वारा आयोजित चार दिवसीय चतुर्वेद शतकम यज्ञ और वैदिक कृष्ण कथा का रविवार को समापन हो गया। इस आयोजन में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और वैदिक परंपराओं के अनुसार यज्ञ, प्रवचन तथा कथा का लाभ उठाया।

समापन दिवस पर यज्ञ की ब्रह्मा विदुषी संगीता आर्या ने वेदों के पवित्र मंत्रों के उच्चारण के साथ यजमान दंपत्तियों से पूर्णाहुति संपन्न कराई। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आर्य समाज किसी जाति या संप्रदाय का प्रतिनिधि नहीं है, बल्कि अंधविश्वास, पाखंड और कुरीतियों के विरुद्ध एक सशक्त सुधारवादी आंदोलन है। उन्होंने शआर्यश शब्द का अर्थ श्रेष्ठ आचरण बताया और कहा कि जब व्यक्ति के आचरण में आर्यत्व होगा, तभी समाज में शांति, समरसता और उन्नति संभव है। कार्यक्रम के दौरान विदुषी संगीता आर्या ने प्रेरणादायी और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। आर्य समाज के संरक्षक मदन मोहन आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद ने नारी शिक्षा, वेदाध्ययन और समान अधिकारों का समर्थन किया, जबकि मूर्तिपूजा, पाखंड, कर्मकांड और अंधविश्वासों का विरोध किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वैदिक ज्ञान और चरित्रवान समाज से भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। मुख्य मेहमान एसडीएम बृजेंद्र मीणा ने कहा कि यज्ञ श्रेष्ठ कर्मों में से एक है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और इसका समाज व पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में ऋषि लंगर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनमें प्रधान ओमप्रकाश, रमेश किशोरपुरा, सुरेश डास, रामदयाल डास, मंत्री राजेश आर्य, गोवर्धनलाल गर्ग, प्रदीप आर्य, मिथलेश आर्य, बबीता आर्य आदि शामिल थे।

## प्रतिभावान छात्रा-छात्राओं का किया सम्मान

**भरतपुर**, (निसं)। साईं फाउंडेशन कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर, आई सी आई सी आई बैंक के ऊपर, रणजीत नगर भरतपुर में प्रतिभावान छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह संस्था में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह (निदेशक दाश स्किल एजुट्रेन) रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी कौशलेश शर्मा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बबीता शर्मा जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, दयाचन्द पचौरी प्रदेश महामंत्री विप्र फाउंडेशन एवं पूर्व पार्षद शहर कांग्रेस अध्यक्ष,गंगा राम पाराशर पूर्व अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, निदेशक आई टी आई, एवं डा सुशील पाराशर से. नि. अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद एवं सहायक प्रबंध ट्रस्टी गायत्री परिवार ,प्रेम सिंह प्रजापत प्रदेश प्रभारी पर्यावरण संरक्षण गजेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द शर्मा समाजसेवी चंद्रकांत शर्मा महामंत्री आदि रहे, सभी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद साईं फाउंडेशन कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के निदेशक अंकुर पाराशर ने सभी अतिथियों का दुप्पटा एवं राम लला की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। शुरूआत में निदेशक अंकुर पाराशर ने संस्था द्वारा निःशुल्क आरएससीआईटी कोर्स एवं अन्य कोर्स की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्था के प्लेसमेंट होने वाले छात्र - छात्राओं एवं कंप्यूटर कोर्स में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं का आज सम्मान समारोह किया गया ऐसे छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड देकर सम्मान किया गया।

अतिथियों ने इस अवसर पर सभी छात्र - छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए एवं अपने आशीर्वचन देते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि साईं फाउंडेशन के अच्छे कार्य को बताते हुए बच्चों से कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के सही उपयोग के बारे मे बताया, इसके दुरुपयोग न करने की नसियत दी, बबीता शर्मा ने बच्चियों से शिक्षा पर जोर देते हुए भारतीय संस्कृति व संस्कारों पर भी ध्यान देने पर बताया।

कोशलेश शर्मा द्वारा सभी से पढ़ाई पर पूरी तन्मयता से ध्यान देने पर बल दिया, गंगाराम पाराशर ने बच्चियों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में बताया, साथ ही प्रेम सिंह प्रजापत द्वारा अच्छी संगति रखते हुए मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुशील पाराशर द्वारा किया गया तथा अंत में साईं फाउंडेशन के निदेशक अंकुर पाराशर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## 'बाल्यकाल में बच्चों में आध्यात्मिक मूल्यों को सिखाना जरूरी'

■ धार्मिक शिविर में बच्चों ने सीखे नैतिक संस्कार

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जैन स्थानक भवन नई मंडी में सात दिवसीय शीतकालीन धार्मिक एवं नैतिक शिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शीतकालीन अवकाश के दौरान 28 दिसंबर से शुरू सात दिवसीय शिविर में बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों को सिखाने के लिए इस शिविर का आयोजन गया है। श्री जैन रत्न युवक परिषद की ओर से आयोजित इस शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म चंद जैन, मुख्य अतिथि अखिल भारतीय श्री जैन रत्न आध्यात्मिक शिक्षण बोर्ड के संजोयक अशोक जैन एवं पल्लीवाल संभाग के क्षेत्रीय प्रधान प्रवीण जैन द्वारा शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा मंगलाचरण एवं प्रार्थना के साथ शुरुआत की गई और इसके बाद सात दिवसीय शिविर के समापन कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थी द्वारा शिविर के दौरान जो आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त की गई उसके बारे में अपने अनुभवों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्म चंद जैन ने कहा कि बाल्यकाल में बच्चों में आध्यात्मिक मूल्यों को सिखाया जाना जरूरी हैं। इस अवसर पर अशोक जैन ने कहा कि बच्चों द्वारा जो भी सिखा गया है उसको अपने दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए और अपने व्यक्तिव का विकास करना चाहिए। क्षेत्रीय प्रधान प्रवीण जैन ने कहा कि बच्चों को जीवन में अच्छी आदतों को अपना कर व्यसनों को नहीं अपनाना चाहिए। शिविर संयोजक पंकज जैन ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से शीतकालीन अवकाश का बेहतर उपयोग बच्चों में अच्छे संस्कारों का विकास करने के किया गया है। श्रावक संघ के नत्थी लाल जैन, राहुल जैन,संजय जैन,विजय जैन, सुमत जैन एवं योगेंद्र जैन, संदीप जैन , विवभ जैन, अमित जैन उपस्थित रहे । युवक परिषद के डॉ रीतेश जैन ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में व्यवस्थाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया गया। मंत्री गौरव जैन ने बताया कि बच्चों को सामयिक,प्रतिक्रमण सूत्र आदि की विशेष जानकारी अध्यापिकाओं पूनम जैन ,शारदा जैन , मनीषा जैन, उदिता जैन, रिंकी जैन , प्राची जैन द्वारा प्रदान की गई। युवक परिषद शाखा हिंडौन के उपाध्यक्ष संदीप जैन ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों में भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं सिद्धांतों को जीवन में ठाहण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभा वान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस शिविर में 75 शिविर प्रतिभागी उपस्थित रहे जिन्होने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ रीतेश जैन द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### 'ट्रेनों पर पत्थर फेंकना गंभीर अपराध'

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। हाल के वर्षों में गंगापुर सिटी रेल मंडल क्षेत्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पत्थरबाजी से यात्री घायल हुए हैं, कोचों की खिड़कियां टूटी हैं और रेल संचालन बाधित हुआ है। इस अभियान के तहत कोटा मंडल के सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश ने गंगापुर सिटी, नारायणपुर टटवाड़ा, महूकला और सलेमपुर जैसे क्षेत्रों में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने गंगापुर सिटी में सरपंचों, वार्ड पंचों और पार्षदों से भी चर्चा की। ओमप्रकाश ने बताया कि क्षेत्र में चेन पुलिंग, पत्थरबाजी और पशुओं का ट्रैक पर आना तीन प्रमुख समस्याएं हैं, जिन्हें शून्य पर लाना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलगाड़ियों पर पत्थर फेंकना भारतीय रेल अधिनियम 1989 के तहत एक गंभीर अपराध है। इस अपराध में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास या 10 साल तक की कैद का प्रावधान है। आरपीएफ ने बताया कि कुछ लोग, विशेषकर रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले बच्चे और युवा, इसे मजाक या शरारत समझकर ऐसी खतरनाक हरकतें करते हैं। इसका खामियाजा निर्दोष यात्रियों को भुगतना पड़ता है। आरपीएफ ने आम जनता से स्वयं जागरूक रहने और दूसरों को भी समझाने की अपील की है, ताकि रेल यात्रा सुरक्षित और निर्बाध बनी रहे।

### फूल बंगला झांकी व पौषबड़ा आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिधा भवन के सामने जवाहर नगर पर सुंदरकांड भव्य फूल बंगला झांकी और पौषबड़ा का आयोजन संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य फूल बंगला झांकी, सुंदरकांड, तथा पौषबडा का आयोजन नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। मंदिर में सभी विठाहों की फूल बंगला झांकी लगाई गई उसके उपरांत सुंदरकांड का संगीतमय आयोजन हुआ कार्यक्रम में लगभग 1000 भक्तों को सभी मसालो से युक्त दाल के बडे तथा सूजी का हलवा का वितरण किया गया। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण लगभग 2 वर्ष पहले हुआ था तब से मंदिर जवाहर नगर बापू नगर खादी कॉलोनी की आस्था का केंद्र बना हुआ है लोगों की अटूट श्रद्धा एव सहयोग प्राप्त हो रहा है मंदिर में भजन संध्या तथा अन्य सभी धार्मिक उत्सव और त्योहारों का आयोजन बड़े उत्साह से किया जाता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति जनप्रतिनिधि गण, जिला स्तरीय पदाधिकारी नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश चौधरी सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा आयोजन प्रभारी अनिल चतुर्वेदी उपाध्यक्ष साहब सिंह चौधरी कोषाध्यक्ष डोरी लाल शर्मातथा समस्त कार्यकारिणी सदस्य दयावती शर्मा गजेंद्र तिवारी विष्णु दत्त शर्मा अंकुर अठावाल दीनदयाल शर्मा तथा मंदिर महत संजय पंडित के अलावा मंदिर से जुड़े सभी भक्तगण उपस्थित उपस्थित थे

### अवैध निर्माण पर चलेगा पीला पंजा

**करौली**, (निसं)। यहां की नगर परिषद के पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र सत्ता किंग अमीनुद्दीन मुसलमान को पुलिस गत दिनों गिरफ्तार कर लिया था जिसके द्वारा पूर्व में यहां के अंबेडकर सर्किल के पास विधि विरुद्ध होटल का निर्माण किया गया जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक ने गत दिनों नगर परिषद आयुक्त को लिखित में शिकायत करते हुए सट्टा किंग द्वारा द्वारा अवैध होटल का निर्माण किया गया जिस अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग की गई जी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद आयुक्त उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना ने गंभीरता से लेते हुए अमीनुद्दीन को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि 4 जनवरी 2026 तक अवैध निर्माण को हटाने के लिए निर्देशित करते हुए बताया कि आप द्वारा किया गया निर्माण भवन विनियमो एवं जारी भवन निर्माण अनुज्ञा के विपरीत है जिसमें सेटबैक एवं अन्य अनियमितता पाई गई है उन्होंने चेतावनी दी है कि चार दिन के अंदर अवैध निर्माण को हटाना सुनिश्चित किया जावे अन्यथा आपके निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जावेगी इसके अलावा गिरफ्तार सट्टा किंग और 2 अप्रैल की घटना के मास्टरमाइंड अमीनुद्दीन को भारी पुलिस जाप्ता के बीच 2 अप्रैल की घटना स्थल पर लेकर पहुंचे पुलिस उपअधीक्षक अनुज शुभम ने बताया 2 अप्रैल की घटना स्थल का वेरिफिकेशन किया गया।

### आवंटित भूमि के लिए लिखा पत्र

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आरबीएम चिकित्सालय के विस्तारीकरण के लिए आवंटित 25 हजार वर्ग मीटर भूमि मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द करने हेतु समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आठाह किया है कि यह भूमि चिकित्सालय विस्तारीकरण के लिए नहीं सौंपी गई तो आम लोगों को आसानी से सुलभ होने वाली चिकित्सा सेवाओं का सपना अधूरा रह जायेगा। गुप्ता ने प्रधानमंत्री से यह भी आग्रह किया है कि वे भाजपा की राजस्थान सरकार पर दबाव बनाकर सर्वजन हिताय से जुड़े इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार के बाद स्कीम-10 में आवंटित भूमि पर कब्जा दिलवायें अन्यथा प्राधिकरण इस भूमि को नीलामी के माध्यम से बेच देगा। उन्होंने यह भी कहा है कि आरबीएम चिकित्सालय भरतपुर संभाग का सबसे बड़ा चिकित्सालय है जिसमें संभाग के जिलों के अलावा पडौसी उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश राज्यों के रोगी उपचार के लिए आते हैं। अभी यह चिकित्सालय दो भागों में चल रहा है। पुराना जनाना चिकित्सालय में महिला, शिशु, नेत्र चिकित्सा विभाग संचालित हैं। आगे चलकर जब जनाना चिकित्सालय के विभाग आरबीएम में आ जायेंगे और नवीन विभाग खुलेंगे तो निश्चय ही वर्तमान चिकित्सालय भवन छोटा पड़ जायेगा। पत्र में कहा है कि अभी तक मेडिकल कॉलेज के आचार्य, सहआचार्य, सुपर स्पेशलिस्ट व पैरामेडिकल स्टाफ के क्वार्टर चिकित्सालय परिसर में नहीं बने हैं। अधिकांश आचार्य व सहआचार्य मेडिकल कॉलेज परिसर में रहते हैं। दुर्घटना की आपात स्थिति में मेडिकल कॉलेज से चिकित्सालय तक पहुँचने में इन्हें काफी समय लग जाता है जिससे कुछ मामलों में रोगियों की मौत हो जाती है। इस भूमि के अलावा आसपास कोई सरकारी भूमि भी नहीं है जिसका उपयोग चिकित्सा विस्तारीकरण में किया जा सके। उन्होंने पत्र में यह भी आठाह किया है कि चिकित्सालय को आवंटित इस भूमि को मेडिकल कॉलेज को सौंपने के लिए कई बार मंत्री एवं अधिकारियों को पत्र भी लिखे जा चुके हैं। ज्ञातव्य रहे कि यूआईटी ने 14 जून 2021 को हुई न्यास मंडल की बैठक में 25 हजार वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आरबीएम चिकित्सालय को आवंटित करने का निर्णय लिया है। जिसकी सूचना न्यास ने 31 दिसम्बर 2021 को पत्र द्वारा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को पत्र के माध्यम से दे दी थी। किन्तु न्यास जो वर्तमान में भरतपुर विकास प्राधिकरण में कमोन्नत हो गया है इस आवंटित भूमि आवंटन से मुकर रहा है।

### मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। ग्राम पंचायत नारायणपुर स्थित टाटू वंश कुलदेवी लंकेश्वरी माता मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में मंदिर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कमेटी के सदस्यों ने मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की गुणवत्ता, गुणवत्ता मानकों, समय-सीमा और सुरक्षा पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जोर दिया गया कि निर्माण कार्य तय समय में मजबूती और सुरक्षा के साथ पूरा किया जाए। बैठक में अध्यक्ष प्रहलाद गुर्जर, उपाध्यक्ष पंखीलाल, कोषाध्यक्ष राजाराम मसावता सहित हटिल्या हीरापुर, खिल्लू, प्रकाश, रमेश, चरतलाल, रामसहाय, कैलाश चंद, केदार, हरिप्रसाद, राधाकिशन, प्रभू पटेल, बाबूलाल, राजकुमार नारोली और रामबिलास कडी की झोपड़ी जैसे सदस्य मौजूद रहे।

### श्याम परिवार की आमसभा 7 को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। श्री श्याम परिवार सेवा समिति की आमसभा 7 जनवरी बुधवार को शाम 7 बजे रूकमणि पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित की जायेगी। समिति अध्यक्ष नंदकिशोर धौलेटा ने बताया कि आमसभा में समिति की गौशाला के विकास सहित समिति के आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा की जायेगी।समिति महामंत्री राजेश टेंट ने समिति के सभी सदस्यों से समय पर आमसभा में उपस्थित होने की अपील की है।

### अपना घर तीर्थयात्रा 11 जनवरी को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अपना घर सेवा समिति गंगापुर सिटी महिला एवं पुरूष इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर अपना घर आश्रम भरतपुर में सेवाये ले रहे प्रभूजियो के दर्शनार्थ एवं आश्रम के अवलोकनार्थ बसयात्रा 11 जनवरी रविवार को सीताराम जी मंदिर पुरानी अनाज मण्डी से सुबह साढे 6 बजे अपनाघर भरतपुर के लिए रवाना होगी। प्रकल्प प्रभारी वासुदेव बंसल ने सेवाभावी लोगो से समिति द्वारा निर्धारित शुल्क समिति पदाधिकारियो के पास 9 जनवरी तक जमा करवा कर सीट बुक करवाने की अपील की है।